ऑनलाइन नक्शा पास करने के लिए बनाएं कार्ययोजना : मिश्र

मुख्य सचिव ने नगर विकास विभाग की समीक्षा में दिए निर्देश

अमर उजाला ब्यूरो



लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सभी नगर निकाय क्षेत्रों में ऑनलाइन नक्शा पास करने की प्रणाली लागू करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि अत्याधुनिक तकनीक अपनाते हुए मानकों को ध्यान रखकर शहरी विकास के क्षेत्र में प्रदेश को शीर्ष पर बनाए रखने के लिए भी रोडमैप तैयार किया जाए। मुख्य सचिव ये निर्देश सोमवार को नगर विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिए हैं।

उन्होंने विभागीय परियोजनाओं को तय समयसीमा में पूरा करने और उसकी निरंतर निगरानी करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी शहरों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए सिटी वाटर एक्शन प्लान तैयार कराने को कहा है। अमृत योजना की समीक्षा के दौरान जलापूर्ति व सीवरेज की सभी परियोजनाओं की जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा में मुख्य सचिव ने कहा है कि योजना के तहत बनकर तैयार हो चुके आवासों पर लाभार्थियों को कब्जा दे दिया जाए। ताकि वह उसमें रहना शुरू कर दें। लाइट हाउस प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि यह नई तकनीक पर आधारित है। निर्माण कार्यों से संबंधित विभाग अपने अभियंताओं को इसकी ट्रेनिंग करवाएं। इसके अलावा इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को भी इस तकनीक की जानकारी देने के लिए टूर कराया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव नगर विकास डॉ. रजनीश दुबे सहित नगर विकास विभाग के सभी अधिकारी आदि उपस्थित थे।